8-6-2016
हिन्दुस्तान

एजुकेशनल न्यूज >>

सोलर पावर से चमकेगा दिल्ली का यह कॉलेज

दिल्ली का जाकिर हुसैन कॉलेज अब सोलर पावर से चलेगा। इसके लिए अजूर पावर इस कॉलेज के साथ टाईअप करने जा रहा है। इसके तहत अजूर पावर कॉलेज की छत पर फोटोवॉल्टिक पावर प्लांट व सोलर पैनल लगाएगी। इससे करीब पचास किलोवाट बिजली पैदा होगी। बदले में कॉलेज को निःशुल्क बिजली मिलेगी। अभी कॉलेज का बिजली बिल हर साल लाखों रुपये आता है। टाईअप के बाद कॉलेज का यह खर्च बच जाएगा और बिजली भी नहीं जाएगी।

भारतीय अस्पतालों से टाईअप

मेडिकल टेक्नोलॉजी में ऑस्ट्रेलिया ने तेजी से तरक्की की है। वहां कई बड़ी मेडिकल समस्याओं का इलाज ढूंढ़ा गया है। अब उनकी इस विशेषज्ञता का फायदा भारत व भारतीय मेडिकल छात्रों को भी मिलेगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की स्विनबर्न यूनिवर्सिटी का देश के दो बड़े अस्पतालों- एम्स और मेदांता से करार हुआ है। एम्स के साथ मिल कर यूनिवर्सिटी देश में एक ऐसा इंटेलिजेंट हेलमेट तैयार करेगी, जो बाइक वालों के लिए काफी हल्का, स्मार्ट और ज्यादा सुरक्षित होगा, जबकि अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी को लेकर मेदांता के साथ उसका टाईअप हुआ है, जिससे हेल्थ सेक्टर में इलाज को सरल बनाया जा सके।

राजस्थान सरकार कराएगी इंटर्नशिप

राजस्थान सरकार के डायरेक्ट्रेट ऑफ लोकल बॉडीज यानी डीएलबी ने 70 इंटर्न्स के लिए जगह निकाली हैं। इन्हें टाउन प्लानिंग, वाटर हारवेस्टिंग, ग्रीन पट्टी डवलपमेंट, सीवेज प्लानिंग, ट्रैफिक मास्टर प्लान जैसे शहरों से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने वाली संस्थाओं के साथ 40 से 240 दिन तक काम करने का मौका मिलेगा। दिलचस्प यह है कि इंटर्नशिप के लिए जो आवेदन आए हैं, उनमें आईआईटी, आईआईएम समेत कई बड़े संस्थानों के छात्रों ने आवेदन दिया है।

पूजा शर्मा